**नेशनल सोशल मीडिया डे** ▶ मोबाइल की स्क्रीन से समाज तक सोशल मीडिया का बढ़ता प्रभाव, बदलती आदतें और नई चुनौतियां

# सोशल मीडिया डे पर जागरुकता का लिया संकल्प




**नवभारत , जबलपुर ।** हर वर्ष 30 जून को मनाया जाने वाला नेशनल सोशल मीडिया डे इस बदलती डिजिटल संस्कृति को समझने और सोशल मीडिया के सकारात्मक एवं नकारात्मक दोनों पहलुओं पर चर्चा करने का अवसर प्रदान करता है। आज के डिजिटल युग में सोशल मीडिया केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं रह गया है, बल्कि यह सूचना, संवाद, शिक्षा, व्यापार, राजनीति, स्वास्थ्य, रोजगार और जन-जागरूकता का प्रभावी मंच बन चुका है।

**पत्रकारिता में आया बड़ा बदलाव-** सोशल मीडिया ने समाचारों की पहुंच को कई गुना बढ़ा दिया है। घटनास्थल से लाइव वीडियो, फोटो और प्रत्यक्षदर्शियों की जानकारी तुरंत सामने आने लगी है। हालांकि इसके साथ तथ्य जांच की जिम्मेदारी भी पहले से अधिक बढ़ गई है।

**जुड़ाव के साथ- साथ , चुनौतियां भी आई-** जितनी तेजी से सोशल मीडिया ने लोगों को जोड़ा है, उतनी ही तेजी से कई नई चुनौतियां भी सामने आई हैं। फेक न्यूज, भ्रामक वीडियो, साइबर ठगी, फर्जी अकाउंट, ऑनलाइन बुलिंग, ट्रोलिंग और बढ़ता स्क्रीन टाइम समाज के लिए गंभीर चिंता का विषय बनते जा रहे हैं। कई मामलों में अपुष्ट जानकारी के कारण अफवाहें फैलती हैं, जिससे सामाजिक सौहार्द और कानून व्यवस्था पर भी असर पड़ सकता है।

## इनका कहना है

लगातार सोशल मीडिया पर बने रहने, दूसरों की जीवनशैली से तुलना करने और लाइक्स व फॉलोअर्स की प्रतिस्पर्धा के कारण तनाव, चिंता, अवसाद और आत्मविश्वास में कमी जैसी समस्याएं सामने आती है । सोशल मीडिया का उपयोग करें, लेकिन उसे अपनी दिनचर्या पर हावी न होने दें। डिजिटल और वास्तविक जीवन के बीच संतुलन बनाए रखना जरूरी है।

**डॉ. कीर्ति सैनी , मनोवैज्ञानिक विशेषज्ञ**

सोशल मीडिया ने पत्रकारिता की कार्यशैली को पूरी तरह बदल दिया है। आज सूचना पहले सोशल मीडिया पर पहुंचती है, लेकिन पत्रकार का दायित्व केवल उसे साझा करना नहीं, बल्कि उसकी तथ्यात्मक पुष्टि करना भी है। तेजी से खबर देने की होड़ में सटीकता और निष्पक्षता से समझौता नहीं होना चाहिए।

**डॉ. संजीव श्रीवास्तव , प्रोफेसर**

सोशल मीडिया का उपयोग अधिकार के साथ-साथ कर्तव्य भी है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का सम्मान करते हुए प्रत्येक व्यक्ति को यह समझना चाहिए कि डिजिटल प्लेटफॉर्म पर किया गया हर पोस्ट, कमेंट और शेयर उसकी कानूनी जवाबदेही भी तय करता है।

**सुशील दुबे , एडवोकेट**

आज के समय में सोशल मीडिया हमारी पढ़ाई, जानकारी और संवाद का महत्वपूर्ण माध्यम बन गया है। हम इसके जरिए करियर से जुड़ी जानकारी और देश-दुनिया की खबरें आसानी से प्राप्त कर सकते हैं।

**वैभव सोनी , छात्र**

## वैष्णव धाम मंदिर में गूंजा हनुमान चालीसा का पाठ

**नवभारत, जबलपुर।** शास्त्री नगर स्थित महर्षि विद्या मंदिर द्वारा वैष्णव धाम मंदिर में शनिवार को विशेष कार्यक्रम के अंतर्गत एक भव्य आध्यात्मिक जन जागरण शिविर का आयोजन किया गया। इस पावन अवसर पर सामूहिक रूप से सबसे पहले वैदिक रीति-रिवाजों के साथ गुरुदेव पूजन किया गया और तत्पश्चात वहां उपस्थित सभी भक्तों द्वारा एक स्वर में तीन बार हनुमान चालीसा पाठ का सामूहिक वाचन किया गया। इस धार्मिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रम में क्षेत्रीय नागरिकों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने अत्यंत उत्साहपूर्वक भाग लेकर संकटमोचन हनुमान जी की विशेष आराधना की तथा देश, समाज की उन्नति और सभी के जीवन में सुख-समृद्धि व खुशहाली की मंगल कामना की। कार्यक्रम के अंतिम चरण में भगवान की भव्य आरती की गई और उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया, जिससे पूरा मंदिर परिसर और वातावरण भक्ति, श्रद्धा तथा दिव्य आध्यात्मिक ऊर्जा से पूरी तरह सराबोर नजर आया।

# 15 दिनों के लिए मंदिर के कपाट बंद

▶ **श्रद्धा के साथ संपन्न हुआ भगवान जगन्नाथ का देव स्नान महोत्सव**



**नवभारत, जबलपुर।** सिद्धि बाला बोस लाइब्रेरी एसोसिएशन, सिटी बंगाली क्लब, जबलपुर द्वारा ज्येष्ठ पूर्णिमा के पावन अवसर पर भगवान जगन्नाथ देव की देव स्नान यात्रा (स्नान पूर्णिमा) अत्यंत श्रद्धा, भक्ति एवं वैदिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न हुई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भगवान के दिव्य दर्शन कर पूजा-अर्चना एवं महाभिषेक में सहभागिता की। धार्मिक परंपरा के अनुसार ज्येष्ठ पूर्णिमा के दिन भगवान जगन्नाथ, बलभद्र, माता सुभद्रा एवं सुदर्शन का पवित्र नदियों के जल, चंदन, सुगंधित द्रव्यों तथा औषधीय जल से महाभिषेक किया गया। धार्मिक मान्यता के अनुसार इस दिव्य स्नान के उपरांत भगवान को ज्वर (अनवसर) हो जाता है। इसलिए भगवान अगले 15 दिनों तक विश्राम करते हैं तथा इस अवधि में मंदिर के कपाट बंद रहते हैं। इस दौरान भगवान की औषधीय सेवा, विशेष भोग एवं उपचार किए जाते हैं। मान्यता है कि भगवान इस विश्राम के बाद नवयौवन स्वरूप में भक्तों को दर्शन देते हैं और तत्पश्चात रथ पर आरूढ़ होकर नगर भ्रमण एवं जनदर्शन के लिए निकलते हैं। देव स्नान का दर्शन एवं अभिषेक करने से भक्तों को पापों से मुक्ति, रोगों से रक्षा, सुख-समृद्धि तथा आध्यात्मिक उन्नति का आशीर्वाद प्राप्त होता है।

### अर्पित किए 56 भोग

इसी परंपरा के अनुरूप देव स्नान महोत्सव के पश्चात मंदिर के कपाट बंद कर दिए गए। अब भगवान श्री जगन्नाथ देव 16 जुलाई को भव्य रथयात्रा के अवसर पर रथ पर विराजमान होकर मंदिर से बाहर निकलेंगे तथा श्रद्धालुओं को जनदर्शन प्रदान करेंगे। सम्पूर्ण धार्मिक अनुष्ठान पुजारी तारापद भट्टाचार्य एवं अभिरंजन मिश्र के सान्निध्य में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुआ। भगवान को छप्पन (56) प्रकार के भोग अर्पित किए गए। इस अवसर पर डॉ. शिप्रा सुलेरे एवं उनके साथियों द्वारा भावपूर्ण संकीर्तन प्रस्तुत किया गया। कीर्तन के समापन पर पारंपरिक हरि लूट का आयोजन हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान जबलपुर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष संदीप जैन का बंगाली समाज की ओर से अभिनंदन एवं सम्मान भी किया गया।

## एक नजर में



### मां नर्मदा की 7वीं पंचकोशी पदयात्रा का शुभारंभ

**नवभारत,जबलपुर।** सोमवार सुबह 6:00 बजे 'स्वयंसिद्ध प्रभात फेरी' के संयोजक ठाड़ेश्वर महावर के द्वारा, माँ नर्मदा की 7वीं पंचकोशी पदयात्रा का प्रारंभ हुआ।

माँ नर्मदा के तट, ग्वारीघाट के सिद्ध घाट से पंडित रामअनुग्रह शास्त्री द्वारा माँ नर्मदा की पूजा-अर्चना करा कर पंचकोशी पदयात्रा शुरू की गई। यह यात्रा सिद्ध घाट से शुरू होकर गीता धाम, विसर्जन कुंड और भटौली होते हुए मंगेली ग्राम पहुँची। वहाँ से गुरुद्वारा ग्वारीघाट से नाव के माध्यम से वापस सिद्ध घाट पहुँच कर, पुन: पूजा करके पंचकोशी यात्रा का समापन हुआ। इस यात्रा में भीमसेन मिश्रा , राजेंद्र तिवारी, राजेश चौबे, शेषमणि पटेल, पदम सिंह तोमर, बाबूलाल तिवारी, वीरेंद्र रैकवार, देवलाल झारिया, प्रेमलाल कुशवाहा, राजू राठौर, अशोक तिवारी, नारायण पटेल, सुधीर खरे और महिला शक्ति की सदस्य शशि सिंगरौरे, संध्या पटेल, माया कनौजिया, निशा पटेल ,नीतू विश्वकर्मा ,संगीता पटेल, फूलवती पटेल, गीता पटेल और गुड्डी विश्वकर्मा शामिल रहीं।





### नया मोहल्ला के लंगर-ए-आम में पहुंचे हजारों अकीदतमंद

**नवभारत, जबलपुर।** नया मोहल्ला स्थित बंद कुआं परिसर में जश्ने मौला हुसैन और लंगर-ए-आम का कार्यक्रम पूरी अकीदत के साथ हुआ। इस लंगर में हजारों अकीदतमंदों ने हिस्सा लिया। आयोजक वरिष्ठ समाजसेवी पप्पू वसीम खान ने बताया कि इस परंपरा की शुरुआत 42 साल पहले मरहूम अलीम खान ने की थी, जिसे आज भी पूरी अकीदत के साथ लगातार निभाया जा रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 10 बजे हाफिज साहिबानों की कुरानख्वानी और नज़र-ओ-नियाज़ से हुई। इसके बाद लंगर बांटा गया, जिसमें महिलाओं, बच्चों और बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने लंगर ग्रहण किया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ नागरिकों का फूल-मालाओं से स्वागत किया गया। कार्यक्रम के अंत में जावेद खान, नजीब खान, जुनैद खान, इम्तियाज पटेल और आमीन ने सभी मेहमानों का स्वागत करते हुए शुक्रिया अदा किया और सहयोग देने वाले सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।



### रेलवे बूथों पर गूंजा पोलियो मुक्त भारत का संकल्प

**नवभारत,जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेल के जबलपुर मंडल के चिकित्सा विभाग द्वारा राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के अंतर्गत 29 जून को जबलपुर मंडल के विभिन्न प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर 0 से 5 वर्ष आयु के बच्चों को पोलियो रोधी दवा (पोलियो ड्रॉप्स) पिलाई गई। अभियान के तहत जबलपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या-1 सहित मंडल के प्रमुख स्टेशनों पर विशेष पोलियो बूथ स्थापित किए गए। मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा के मार्गदर्शन में अभियान का शुभारंभ प्रमुख मुख्य चिकित्सा निदेशक (प्रभारी) डॉ. अशोक कुमार तथा मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. शैलेन्द्र दीक्षित के नेतृत्व में किया गया। अभियान का संचालन मंडल चिकित्सा अधिकारी डॉ. संदीप कुमार चौहान एवं सहायक मंडल चिकित्सा अधिकारी डॉ. एम.एस. रम्य के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस अवसर पर सहायक नर्सिंग अधिकारी ललिता लाल, स्टेशन डायरेक्टर किशोर कुमार दावरे, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी मनोज गुप्ता, मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक आर.पी. गुप्ता तथा एक्सटेंशन एजुकेटर देवेन्द्र दिवे सहित चिकित्सा विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई।



## सिविक सेंटर व्यापारी संघ ने जेडीए अध्यक्ष-उपाध्यक्ष का किया स्वागत

**नवभारत,जबलपुर।** सिविक सेंटर व्यापारी संघ महावीर मार्केट द्वारा जबलपुर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष संदीप जैन एवं उपाध्यक्ष प्रशांत केसरवानी का व्यापारियों द्वारा स्वागत किया गया। इस मौके पर सिविक सेंटर व्यापारी संघ के अध्यक्ष प्रशांत कुमार जैन ,उपाध्यक्ष बल्लू , कार्यवाह संजय जैन , व्यापारी मनोज जैन, अलीम , रितेश , रेणु जैन ,राकेश पटेल, रविंद्र सिंह ,देव सिंह ,राजकुमार शिवहरे, विशाल जैन, अनिल जैन, नमन सहित अन्य व्यापारी मौजूद रहे। इस मौके पर जेडीए अध्यक्ष द्वारा व्यापारियों को आश्वासन दिया गया कि आगामी समय में सिविक सेंटर को और अधिक भव्य रूप दिया जाएगा।

# रोटरी वर्ष 2026-27 के लिए संवाद कार्यक्रम की बनी रूपरेखा



**नवभारत, जबलपुर।** होटल कृष्णा में रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3261 (मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ एवं ओडिशा) की टीम ओजस्वी और रोटरी क्लब ऑफ जबलपुर संस्कारधानी के संयुक्त तत्वावधान में 'चाय पर संवाद - संवाद 2026' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन आगामी रोटरी वर्ष 2026-27 के लिए एक सशक्त और प्रेरणादायी शुरुआत साबित हुआ। इस विशेष कार्यक्रम में जबलपुर के सभी रोटरी क्लबों के अध्यक्षों, सचिवों, असिस्टेंट गवर्नर्स और सिटी को-ऑर्डिनेटर्स ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। मध्य प्रदेश के डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरी नितिन जैन के नेतृत्व में हुए इस संवाद का मकसद नए पदाधिकारियों का परिचय कराना, आपसी तालमेल बढ़ाना और विचार बांटना था। साथ ही सभी क्लबों को डिस्ट्रिक्ट गवर्नर आलम सिंह रूपरा के विज़न और साल 2026-27 की प्राथमिकताओं से जोड़ना था। इसमें रोटरी के सात प्रमुख सेवा क्षेत्रों, लक्ष्यों, सालाना कार्ययोजना, प्रोजेक्ट्स और डिस्ट्रिक्ट अवॉर्ड्स पर बात हुई। मनीष बजाज ने स्वागत भाषण दिया, शोभित वर्मा ने मंच संभाला और यश आहूजा ने आभार जताया।

### विभिन्न विषयों पर चर्चा और सहयोग की रणनीति

संवाद में आर्थिक व व्यावसायिक विकास, युवाओं की भागीदारी, डिजिटल नवाचार, पर्यावरण संरक्षण और सेवा कार्यों को लागू करने जैसे जरूरी मुद्दों पर चर्चा हुई। कार्यक्रम को सफल बनाने में आगामी अध्यक्ष मनीष बजाज, सचिव यश आहूजा, सिटी कोऑर्डिनेटर अमित जैन और असिस्टेंट गवर्नर्स रवि वैश्य, अनिल दुबे, शोभित वर्मा, राकेश नेमा व शिखा पौराणिक सहित पूरी टीम का योगदान रहा।

# गुरु की कृपा से भक्तों में आती है आध्यात्मिक ऊर्जा

▶ **स्वामी रामचंद्र दास शास्त्री की पुण्यतिथि पर संतों ने किया याद**



**नवभारत, जबलपुर।** शास्त्री ब्रिज स्थित नरसिंह मंदिर में महामंडलेश्वर स्वामी रामचंद्र दास शास्त्री की पुण्यतिथि पर पुण्य स्मरण समारोह आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम जगतगुरु नरसिंह पीठाधीश्वर डॉ. स्वामी नरसिंह देवाचार्य के सानिध्य में हुआ। इस दौरान संतों ने कहा कि गुरु की कृपा से भक्तों में आध्यात्मिक ऊर्जा आती है। महापुरुष वर्तमान और भविष्य देख सकते हैं। गुरु सेवा से लौकिक साधनों के साथ आध्यात्मिक संपन्नता मिलती है। स्वामी रामचंद्र दास शास्त्री ने राष्ट्र सेवा के साथ विश्व में सनातन संस्कृति की ध्वजा फहराई। उन्होंने ज्ञान साधना, गीता पठन और सनातन धर्म महासभा के ज़रिए शहर की हर गली में धर्म का प्रचार किया।

### युवाओं और महिलाओं को जोड़ने पर रहा ज़ोर

इस अवसर पर संतों ने बताया कि स्वामी रामचंद्र दास शास्त्री ने समाज को संगठित कर युवाओं और महिलाओं को सनातन धर्म से जोड़ा। गुरु की सेवा से ही शिष्य की आभा संसार में फैलती है। मंदिरों में सत्संग से गुरु-शिष्य का संवाद होता है। समारोह में लालमणि मिश्रा, अनूप देव शास्त्री और श्रद्धालुओं ने गुरु श्रीविग्रह व पादुका का पूजन किया। इसके साथ ही महाराज के श्री विग्रह का महाभिषेक, सहस्त्रार्चन और आरती की गई। कार्यक्रम में महाकौशल संत मंडल के स्वामी प्रकाशानंद, स्वामी रामेश्वरदास, स्वामी नारायण दास, स्वामी श्यामानंद, आचार्य अनूप देव शास्त्री, दीपनारायण शास्त्री और आचार्य जितेंद्र शास्त्री ने शब्दांजलि दी। इसके अलावा लालमणि मिश्रा, जेडीए अध्यक्ष संदीप जैन गुड्डा, डॉ. पवन स्थापक, शरद अग्रवाल, अशोक रंगा, लक्की भाटिया, पंकज पांडेय, डॉ. हितेश अग्रवाल, डॉ. वी के डांग, प्रवेश खेड़ा, विष्णु पटेल, राजेंद्र यादव, विध्येश भापकर, डॉ. संदीप मिश्रा, संजय पटेल, के. के. बस्सी और डॉ. सचिन बुधौलिया सहित कई श्रद्धालु मौजूद रहे।



## बुंदेली लोकगीतों से सजी शाम

**नवभारत, जबलपुर।** साउथ एवेन्यू मॉल में सैम सीनियर सिटीजन क्लब की लोकगीतों भरी शाम प्रतियोगिता में 22 से अधिक सदस्यों ने भाग लिया। कार्यक्रम में प्रसिद्ध बुंदेली गायिका संगीता ठाकुर ने 'पान खाए सैयां हमारो' लोकगीत से सबको भावविभोर किया, वहीं बाल गायिका अवंति कनोजिया ने 'सत्यम शिवम सुंदरम' और 4 वर्षीय श्रव्या शर्मा ने 'उनसे मिली नजर' गीत गाकर दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। समापन पर सेवानिवृत्त पुलिस अधीक्षक गोपाल खांडेल एवं संयोजक जादूगर एस के निगम ने प्रतियोगियों को अवार्ड देकर सम्मानित किया, जहां जसबीर चोपड़ा, रश्मि श्रीवास्तव, विंग कमांडर चंदन शर्मा और बच्चन श्रीवास्तव उपस्थित रहे तथा संचालन नीरज शुक्ला ने किया। प्रतियोगिता के प्रतिभागियों में आरती जायसवाल, सुनीता जायसवाल, विजय श्रीवास्तव, पुष्पा श्रीवास्तव, राजकुमारी रैकवार, प्रभा बच्चन श्रीवास्तव, रजनी चौहान, मंजू इंगले, प्रेम वर्मा, रमेश पंडित, मेंहदीरत्ता, माया गुप्ता और आचार्य सी डी खडसे शामिल रहे।



## नर्मदा पंचकोशी स्वर्ण कलश की 108 परिक्रमा हुई

**नवभारत,जबलपुर।** संगमरमर वादियों के बीच चातुर्मास विश्राम जबलपुर हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट से निकाली जाने वाली नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा चतुरमास विश्राम की बेला में 4 माह के लिए चातुर्मास विश्राम होता है। सोमवार को हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट के संस्थापक स्वामी रामचंद दास जी महाराज ,संकीर्तचार्य सुरेश विश्वकर्मा ,पंडित प्रदीप दुबे के सानिध्य में जेढ़ पूर्णिमा पर नर्मदा स्वर्ण कलश की ,भगवान राधा कृष्णा लड्डू गोपाल तुलसी मैया की एक साथ 108 परिक्रमा संकीर्तन करते हुए की गई । अधिमास होने के कारण कई लोगों ने पूरी पंचकोसी की विशाल भंडारा का आयोजन हुआ सभी भक्तों को बद्रीनाथ से पूजित गोमती चक्र का वितरण हुआ। इस अवसर पर नर्मदा महाआरती के संस्थापक एवं परिक्रमा अध्यक्ष डॉ सुधीर अग्रवाल,परिक्रमा संरक्षक सुषमा शंकर पटेल, सह संकीर्तनचार्य श्याम मनोहर पटेल ,विनोद दीवान, मनोज गुलाबबानी, दुर्गा पटेल ,झल्लू पटेल, शिव कुमार पटेल ,कैलाश विश्वकर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।

# ओबीएचएस एवं एमसीसी कर्मचारियों हेतु प्रशिक्षण सत्र आयोजित



**नवभारत,जबलपुर।** प्रधान मुख्य यांत्रिक अभियंता के मार्गदर्शन एवं मंडल रेल प्रबंधक जबलपुर के नेतृत्व में कोचिंग डिपो, जबलपुर में ऑन बोर्ड हाउसकीपिंग सर्विस एवं मैकेनाइज्ड क्लीनिंग कॉन्ट्रैक्ट कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण, संगोष्ठी एवं कर्मचारी परामर्श कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संबंधित सभी वरिष्ठ अनुभाग अभियंताओं की उपस्थिति रही। प्रशिक्षण एवं संवाद सत्र के दौरान स्वच्छता मानकों के अनुपालन, यात्री सुविधाओं की गुणवत्ता, कार्यस्थल अनुशासन, सुरक्षा उपायों तथा शिकायत निवारण व्यवस्था पर विशेष बल दिया गया। कर्मचारियों को भारतीय रेल की छवि सुदृढ़ करने एवं यात्रियों को बेहतर सेवाएं प्रदान करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका से अवगत कराया गया। इस अवसर पर कर्मचारियों एवं पर्यवेक्षकों के बीच वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजी. (कोचिंग) की उपस्थिति में खुली चर्चा आयोजित की गई, जिसमें कार्य के दौरान आने वाली चुनौतियों, उनके समाधान तथा सेवा गुणवत्ता में सुधार के उपायों पर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही कर्मचारियों का परामर्श एवं मार्गदर्शन कर उन्हें कर्तव्यनिष्ठा, टीम भावना एवं यात्री-केंद्रित कार्य संस्कृति अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। जबलपुर मंडल द्वारा कर्मचारियों के कौशल विकास एवं क्षमता संवर्धन हेतु एक सुव्यवस्थित प्रशिक्षण मॉड्यूल तथा वार्षिक प्रशिक्षण कैलेंडर भी तैयार किया जा रहा है, जिससे नियमित एवं पुनश्चर्या प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए जा सकें।

**शिखर सम्मान समारोह** ▶ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे शुभारंभ, 12 क्षेत्रों की विशिष्ट प्रतिभाओं का होगा सम्मान

# ईश्वरदास रोहाणी की स्मृति में 1 जुलाई को गौरव शिखर सम्मान

**नवभारत, जबलपुर।** समाज सेवा, जनकल्याण और उत्कृष्ट कार्यों को सम्मानित करने की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए दादा ईश्वरदास रोहाणी की पुण्य स्मृति में 'गौरव शिखर सम्मान-2026' का आयोजन 1 जुलाई को दोपहर 3:30 बजे मानस भवन, राइट टाउन में किया जाएगा। समारोह का शुभारंभ मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली 12 विशिष्ट विभूतियों को सम्मानित किया जाएगा। यह जानकारी पत्रकार वार्ता में कैंट विधायक अशोक रोहाणी ने पत्रकारों को दी।

### सेवा, समर्पण और जनकल्याण की विरासत आगे बढ़ाने का प्रयास

यह आयोजन दादा ईश्वरदास रोहाणी की सेवा, समर्पण और जनकल्याण की विरासत को आगे बढ़ाने का प्रयास है।



उन्होंने कहा कि सम्मान समारोह के माध्यम से समाज के उन व्यक्तित्वों का अभिनंदन किया जाएगा, जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर नई पहचान बनाई है।पत्रकार वार्ताके दौरानआयोजन समिति के सचिव डॉ. सुनील मिश्र ने कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी साझा करते हुए बताया की समारोह की अध्यक्षता लेफ्टिनेंट जनरल हरविंदर सिंह वंद्रा करेंगे,वहीं कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा एवं लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन, भजन एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ होगा। पत्रकारों को जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि शिक्षा, समाज सेवा, महिला सशक्तिकरण, संस्कृति एवं कुटुंब प्रबंधन, युवा प्रेरणा, सनातन ज्ञान, उद्यमिता, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, पत्रकारिता, सेवानिवृत्त सेवा तथा विधि एवं न्याय सहित कुल 12 क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली विभूतियों को 'गौरव शिखर सम्मान-2026' से अलंकृत किया जाएगा।

### ये रहे उपस्थित

पत्रकारवार्ता में डॉ. जितेंद्र जामदार, डॉ. राजेश धीरावाणी, डॉ. स्वाति गोडबोले, रवि गुप्ता, चैतन्य भट्ट, अजय गोवर, संदीप विजन, रजनीत जैन, पंकज गोयल, अनिल नंदवानी, सौरभ बड़ेरिया, एडवोकेट सुमित रघुवंशी एवं अरुण अग्रवाल सहित आयोजन समिति के सदस्य उपस्थित रहे। समिति ने 'श्रेष्ठता का सम्मान, समाज का अभियान' के संदेश के साथ शहरवासियों से अधिकाधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की।

### प्रतिवर्ष नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किये जाते थे

पत्रकार वार्ता के दौरान बताया गया कि दादा ईश्वरदास रोहाणी ने राजनीति, समाज सेवा और स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया। उनके जन्मदिवस पर प्रतिवर्ष विशाल नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाते थे, जिनमें जटिल शल्य चिकित्सा तक नि :शुल्क कराई जाती थी। रक्तदान को जनआंदोलन का स्वरूप देने में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। उनके देवलोक गमन के बाद विधायक अशोक रोहाणीअब इस सेवा परंपरा को निरंतर आगे बढ़ा रहे हैं।




## नैतिक मूल्यों की राह दिखाता है साहित्य

**नवभारत,जबलपुर।** वर्तिका संस्था द्वारा नूतन मराठी स्कूल में आयोजित मासिक काव्य गोष्ठी में सुप्रसिद्ध साहित्यकार डॉ. तनूजा चौधरी एवं सुशील जैन के काव्य पटल का गरिमामय लोकार्पण किया गया। लोकार्पण के अवसर पर डॉ. तनूजा चौधरी ने कहा कि समाज में नैतिक मूल्यों की सही राह साहित्य ही दिखाता है। वहीं सुशील जैन ने कहा कि बिखरते परिवारों को जोड़ने का सशक्त माध्यम साहित्य है। मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी शरद अग्रवाल ने कहा कि आज समाज में नैतिक मूल्यों का जो ह्रास हो रहा है, उसे रोकने में साहित्यिक चेतना बेहद जरूरी है। वही कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जानकी रमन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अभिजात कृष्ण त्रिपाठी ने कहा कि वर्तमान दौर की विसंगतियों को दूर कर समाज को एक स्वस्थ वैचारिक धरातल साहित्य ही प्रदान करता है।

इस अवसर पर मध्य प्रदेश साहित्य अकादमी पुरस्कार के लिए चयनित होने पर डॉ. कौशल दुबे, डॉ.शिवकुमार व्यास, अभिमन्यु जैन का अतिथियों के साथ वर्तिका से राजेंद्र मिश्रा, एम.एल.बहोरिया, प्रतिमा अखिलेश, ज्योति मिश्रा,अखिलेश खरे ने सम्मानित किया।